RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 150 • 12:06:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# मोहन चंद्र मांझी होंगे ओडिशा के नए सीएम

**केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा डिप्टी सीएम होंगे**

**नए मुख्यमंत्री के तौर पर आज करेंगे शपथ ग्रहण**

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव ने पार्टी विधायकों के साथ भुवनेश्वर में हुई बैठक में उनके नाम की घोषणा की। माझी के अलावा कनक वर्धन सिंहदेव और प्रभाती परिदा राज्य के डिप्टी सीएम होंगे। मोहन चरण माझी 4 बार के विधायक हैं। उन्होंने 2024 में बीजेडी वीणा माझी को 11 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। इसके अलावा वे 2019, 2009 और साल 2000 में भी विधायक रह चुके हैं। केवी सिंहदेव पटनागढ़ से और प्रभाती परिदा पुरी की निमापारा सीट से विधायक हैं। कनक वर्धन सिंहदेव बोलांगीर के राजपरिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे नवीन पटनायक की सरकार में 2000 से 2004 तक उद्योग और सार्वजनिक उद्यम,



2004 से 2009 तक शहरी विकास और सार्वजनिक उद्यम के कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। भुवनेश्वर में पार्टी विधायक दल की बैठक में मोहन मांझी को नेता चुना गया। वह 12 जून को ओडिशा के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। बीजेपी ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। बीजेपी में ओडिशा में पहली बार सरकार बना रही है। ऐसे में मोहन मांझी को राज्य में बीजेपी का पहले मख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने चौंकाते हुए अकेले 78 सीटें हासिल की हैं। 147 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 74 सदस्यों का है। पिछले 24 सालों से राज्य की सत्ता पर काबिज बीजू जनता दल को 51 सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस को 14 सीटें मिली हैं। मोहन चरण मांझी शाम पांच बजे शपथ लेंगे।

### पीएम मोदी समेत 50 हजार लोग शामिल हो सकते हैं

ओडिशा में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे। वे 12 जून को दोपहर 2.30 बजे भुवनेश्वर पहुंचेंगे। इसके बाद वे जनता मैदान जाएंगे। हालांकि पार्टी ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले मोदी के लिए रोड शो का प्रस्ताव रखा है, लेकिन पुलिस से कन्फर्मेशन पेंडिंग है। समारोह में मोदी के अलावा, केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न भाजपा शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत कई मेहमान शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विधायकों और सांसदों सहित लगभग 50,000 लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

### शपथ ग्रहण में पटनायक को दिया न्योता

ओडिशा में अपनी पहली सरकार के शपथ ग्रहण के लिए बीजेपी बीजद अध्यक्ष और निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को न्योता दिया है। समारोह का पहला निमंत्रण कार्ड भगवान जगन्नाथ को दिया गया था। भाजपा ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पटनायक के आवास नवीन निवास गया और उन्हें बुधवार शाम पांच बजे होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। सामल के साथ सुरेश पुजारी, बसंत पांडा, समीर मोहंती और नित्यानंद गोंड जैसे वरिष्ठ नेता भी थे।

## कर्नाटक के बाद अब कोलकाता में हिजाब पर विवाद

● टीचर ने कॉलेज जाना ही छोड़ा, मामले ने पकड़ा जबरदस्त तूल

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध कानून की पढ़ाई कराने वाले एक निजी संस्थान की एक शिक्षिका ने वहां के अधिकारियों द्वारा कार्यस्थल पर हिजाब पहनने से परहेज करने के कथित अनुरोध के बाद कक्षाओं में जाना बंद कर दिया



और इस्तीफा दे दिया। मामला सामने आने के बाद जब इसका विरोध शुरू हुआ तो संस्थान के अधिकारियों ने दावा किया कि यह संवादहीनता के कारण हुआ और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद मंगलवार को काम पर लौट जाएंगी। एलजेडी लॉ कॉलेज में पिछले तीन साल से शिक्षण कार्य कर रहीं संजीदा कादर ने पांच जून को इस्तीफा दे दिया था। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें 31 मई के बाद कार्यस्थल पर हिजाब न पहनने का निर्देश दिया था।

## हमारे नेताओं को अपने गांव में भी नहीं मिले वोट

● डीके शिवकुमार बोले- रिजल्ट कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में 99 सीट लाकर दूसरे नंबर पर रही कांग्रेस पार्टी के आंकड़ों पर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत दिग्गज नेता भले ही खुश हों लेकिन, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने चुनाव में



कांग्रेस के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि परिणाम कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी है। हमारे नेताओं को अपने गांवों में भी वोट नहीं मिले। कर्नाटक में सत्ता पर होने के बावजूद कांग्रेस के खाते में 28 में से सिर्फ 9 सीटें आई। डीके ने आगे कहा कि सुधार और आत्ममंथन की आवश्यकता है।

## अमृतपाल सिंह की रिहाई के लिए अमेरिका में हलचल

● कमला हैरिस तक पहुंची बात, भारत पर दबाव डालने की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की रिहाई के लिए अब अमेरिका में आवाज उठने लगी हैं। खबर है कि मामला देश की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तक भी पहुंच चुका है। इतना ही नहीं सिंह के समर्थन में मुहिम चला रहे



भारतवंशी वकील जसप्रीत सिंह अब अमेरिकी नेताओं से बात कर भारत पर दबाव डालने की तैयारी कर रहे हैं। अमृतपाल फिलहाल असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंह ने अमृतपाल को हिरासत में लिए जाने को अन्याय करार दिया है। साथ ही वह 100 से ज्यादा अमेरिकी नेताओं से संपर्क साधने की योजना बना रहे हैं, ताकि अमृतपाल की रिहाई के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

## शपथ समारोह देखने पहुंचे थे और बन गए मोदी सरकार में मंत्री



**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में किसी भी मुस्लिम नेता को एंट्री नहीं मिली है। पीएम मोदी समेत कुल 72 मंत्रियों में एक भी

● **जॉर्ज कुरियन की लग गई लॉटरी, केरल को लेकर बीजेपी का बड़ा दांव**

मुस्लिम नहीं है, लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय के 5 मंत्री जरूर हैं। इनमें से एक मंत्री जॉर्ज कुरियन की काफी चर्चा हो रही है, जो लोकसभा या राज्यसभा किसी भी सदन के मेंबर नहीं हैं। इसके बाद भी वह अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री हैं।

वह केरल के रहने वाले हैं और ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। उन्हें मंत्री पद दिए जाने के पीछे भाजपा की केरल में ईसाइयों को लुभाने की रणनीति बताई जा रही है। केरल में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई तीनों ही समुदायों की अच्छी आबादी है। भाजपा को आमतौर पर हिंदुओं के एक वर्ग का समर्थन मिलता है। वहीं मुस्लिमों के बीच कांग्रेस की अच्छी पैठ है, जबकि ईसाई मत के लोग वामपंथी दलों के पाले में रहे हैं।

## चुनाव नतीजों के बाद महाराष्ट्र में हड़कंप, होगा खेला!

● कांग्रेस का दावा-एकनाथ शिंदे और अजित पवार के 40 विधायक हमारे संपर्क में हैं



**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में उथल-पुथल के कयास लग रहे हैं। कहा जा रहा है कि खराब नतीजों के बाद एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार वाली एनसीपी के तमाम विधायक टूट सकते हैं। इस बीच विधानसभा में कांग्रेस के नेता सदन विजय वडेट्टीवार ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के 40 विधायक उनके संपर्क में हैं।

## राहुल बोले- प्रियंका वाराणसी से लड़तीं तो मोदी हार जाते

**पीएम काशी से जान बचाकर निकले, अयोध्या भी हार गए**

**रायबरेली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद राहुल और प्रियंका गांधी मंगलवार को पहली बार रायबरेली पहुंचे। राहुल ने कहा- मोदी और शाह देश की नींव के साथ खिलवाड़ कर रहे। इसलिए देश एकजुट हो गया। पहली बार देखा, देश का प्रधानमंत्री हिंसा की राजनीति करते हैं। जनता के बीच नफरत फैलाते हैं। तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा- उत्तर प्रदेश की जनता ने नफरत और हिंसा के खिलाफ दबाकर वोट दिया। ये अयोध्या की भी सीट हार गए। अयोध्या में मंदिर बनवाया, मगर इनॉगरेशन में एक भी गरीब नहीं था। देश की राष्ट्रपति को कहा, तुम



यहां नहीं आ सकती। सिर्फ अयोध्या में ही नहीं, प्रधानमंत्री वाराणसी से भी जान बचाकर निकले। अगर बहन प्रियंका वहां चुनाव लड़तीं, तो पीएम मोदी 2-3 लाख वोट से हार जाते। इससे पहले प्रियंका गांधी ने कहा- जब मैं चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था 300 घंटे हैं। आप लोग 2-2 घंटे सो लीजिए। बाकी समय में काम करना है। अवध से जीतकर हमने पूरे देश में एक मैसेज भेजा। राहुल ने कहा- मोदी जी ने कहा था, मैं नहीं भगवान मुझे ऑर्डर देते हैं। मैं काम करता हूं।

## भले ही शॉर्ट टर्म के लिए हुई हो नियुक्ति, लाभ देना ही होगा

**सेवानिवृत्ति का लाभ देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसले में कहा है कि अगर किसी कर्मचारी ने 30 से 40 साल तक सेवा दी हो तो उसे रिटायरमेंट बेनिफिट से वंचित नहीं कर सकते हैं, भले ही उसकी नियुक्ति अल्पकाल के लिए शॉर्ट टर्म के आधार पर हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 7 मई के अपने आदेश में कहा कि 30 से 40 साल तक काम करने के बाद किसी भी कर्मचारी को सेवानिवृति लाभ से वंचित करना गलत है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ ने अपने फैसले में लिखा कि अपीलकर्ताओं ने 30 से 40 साल तक काम किया है। इसलिए, उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों से वंचित करना अनुचित होगा। खंडपीठ ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट तौर पर लिखा कि वर्तमान आदेश अपीलकर्ताओं की सर्विस की लंबी अवधि को देखते हुए और विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर पारित किया गया है। दरअसल, 1981 में उत्तर प्रदेश को अविभाजित गोरखपुर जिले में अल्पकाल के लिए 14 सहायक वासिल बाकी नवीस की नियुक्ति हुई थी। बाद में गोरखपुर से एक और जिला महाराजगंज बन गया। जिला बंटवारा होने के बाद 14 में से 5 अधिकारी महाराजगंज चले गए और 9 गोरखपुर में ही रहे। 26 जून 1991 को महाराजगंज के जिलाधिकारी ने उन पांचों अधिकारियों की सेवा स्थायी कर दी लेकिन इसकी शिकायत होने के बाद अक्टूबर 1992 में आदेश पलटते हुए स्थायीकरण रद्द कर दिया गया। बाद में इन पांचों कर्मियों ने अपने स्थायीकरण को रद्द करने के आदेश को इलाहाबाद हाई



कोर्ट में चुनौती दी, जहां हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने टर्मिनेशन आदेश पर रोक लगाते हुए कर्मियों को बड़ी राहत दी और उन्हें काम करते रहने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश पर कर्मी काम करते रहे। बाद में एकल पीठ ने अक्टूबर 1992 के आदेश को रद्द कर दिया। इसके अलावा, सिंगल बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि अपीलकर्ताओं को 26 जून, 1991 से सभी लाभों के साथ उनकी सेवा नियमित मानी जाएगी। बाद में हाई कोर्ट की डबल बेंच ने इस आदेश को खारिज कर दिया और निर्देश दिया कि इन कर्मियों की सेवा अवधि को सेवानिवृत्ति और पेंशन संबंधी लाभों के लिए नहीं गिना जाएगा। इसके खिलाफ ये कर्मी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए, जहां जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा और इन कर्मियों को सेवानिवृति के बाद मिलने वाले सभी लाभों का हकदार माना। इस बीच, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाती उन पांच में से तीन कर्मी 2018, 2019 और 2022 में रिटायर हो गए।

**जैसे को तैसा...**

## तिब्बत की 30 जगहों के नाम बदलेगा भारत

**अरुणाचल वाला बदला लेने को लेकर बड़ी तैयारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार एनडीए सरकार बन चुकी है। इसी बीच खबर है कि सरकार अरुणाचल प्रदेश में चीन की गतिविधियों का जवाब उसी की भाषा में देने जा रही है। भारत ने तिब्बत में कई स्थानों का नाम बदलने का फैसला किया है। मंगलवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पदभार संभाला है। उन्होंने भी चीन के साथ जारी सीमा विवाद को सुलझाने पर ध्यान लगाने की बात कही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत




सरकार ने तिब्बत में 30 स्थानों के नाम बदलने पर मुहर लगा दी है। ये नाम ऐतिहासिक शोध और तिब्बत क्षेत्र के आधार पर ही रखे जाएंगे। खबर है कि भारतीय सेना इन नामों को जारी करेगी और वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के मैप पर इन नामों को अपडेट कर दिया जाएगा। खास बात है कि सरकार की तरफ से कदम ऐसे समय पर उठाया जा रहा है, जब चीन ने अप्रैल में अरुणाचल प्रदेश के 30 नामों को बदला था। इस फैसले पर भारत की तरफ से भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया था।

## चुनाव के बाद आंध्र में भड़की हिंसा, भिड़े कार्यकर्ता

● टीडीपी ने जगन मोहन की पार्टी पर लगाए हत्या के आरोप



**हैदराबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य में कई जगहों पर टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें सामने आई हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव में टीडीपी के अगुआई वाले गठभंधन ने 175 में से 164 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें बीजेपी और पवन कल्याण की जनसेना पार्टी शामिल है। लोकसभा चुनाव में भी एनडीए ने 25 में से 21 सीटों पर जीत दर्ज की है।

**अरिहंत, क्वाड...**

## भारत के सीक्रेट हथियार से खौफ में पाक और चीन

**पाकिस्तानी नेता परेशान, प्रोफेसर ने बताया 'वर्षा' का डर**

इस्लामाबाद (एजेंसी)। अमेरिका और चीन इन दिनों एशिया में बादशाहत के लिए आमने-सामने हैं। अमेरिका जहां एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपने दबदबे को बनाए रखना चाहता है, वहीं चीन ने भी दुनिया की सबसे बड़ी सेना बनाकर अमेरिका को चुनौती देने की ठान ली है। चीन को घेरने के लिए अमेरिका ने क्वॉड बनाया है और इसमें भारत को भी शामिल किया है। भारत और



अमेरिका की इस रणनीतिक जोड़ी से पाकिस्तान खौफ में है। पाकिस्तान चीन के साथ रक्षा संबंध मजबूत करने में जुट गया है। पाकिस्तान को न केवल क्वाड का डर है बल्कि उसे भारत के सीक्रेट शिकारी का भी खौफ सता रहा है। भारत के इस समंदर के शिकारी का नाम है परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी अरिहंत। पाकिस्तान के कायद ए आजम यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर जफर नवाज जसपाल ने अपने एक ताजा लेख में कहा कि पाकिस्तान एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रणनीति माहौल में बढ़ते तापमान को अनदेखा नहीं कर सकता है। जसपाल ने कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीन पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका द्वारा भारत के साथ गठबंधन बनाने का सीधा असर पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को क्वॉड को लेकर कड़ी आपत्ति है और इसकी वजह इस गठबंधन के अंदर भारत की सक्रिय भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### CBSE ने छात्रों को किया सावधान, नकली सिलेबस, सैंपल क्वेश्चन पेपर्स के खिलाफ चेतावनी दी



**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने छात्रों को सैंपल क्वेश्चन पेपर्स, सिलेबस और सीबीएसई रिसोर्स को लेकर सावधान किया है। दरअसल, सीबीएसई गतिविधियों से जुड़ी भ्रामक जानकारी विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट द्वारा फैलाई जा रही है। इसे लेकर CBSE ने एक एडवाइजरी जारी की है। सीबीएसई ने अपने संस्थानों के बारे में पुराने लिंक और फर्जी खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों के झांसे में न आने की चेतावनी दी है। CBSE ने अपने एडवाइजरी में लिखा, "यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट सैंपल क्वेश्चन पेपर्स, सिलेबस और सीबीएसई रिसोर्स और एक्टिविटी से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 के लिए अपडेटेड जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं। हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि अनधिकृत स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी भ्रामक हो सकती है और स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकती है।" बोर्ड ने छात्रों से कहा है कि वे सीबीएसई से जुड़े प्रामाणिक जानकारी और अपडेट के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट ही देखें। बोर्ड की मुख्य आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in है। वहीं, सीबीएसई अकादमिक और कौशल शिक्षा से संबंधित जानकारी के लिए cbseacademic.nic.in, सीबीएसई परिणाम के लिए results.cbse.nic.in, केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) के लिए ctet.nic.in, प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण त्रिवेणी cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing, एकीकृत ई-संबद्धता प्रणाली के लिए सीबीएसई सारस saras.cbse.gov.in/SARAS और परीक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए परीक्षा संगम parikshasangam.cbse.gov.in/ps/ जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### दीघा में चाकूबाजी मामला, बड़ी बहन की हालत नाजुक, परिवार की चिंता-जख्म बढ़ने से हर दिन ड्रेसिंग में हो रहा खर्च

**पटना।** पटना के दीघा में एकतरफा प्यार में प्रेमिका समेत बड़ी बहन पर चाकू से हमला मामले में घायल बड़ी बहन की स्थिति में सुधार नहीं है। इसको लेकर परिजन चिंतित है। परिजन उस मनहूस घड़ी को याद कर कांप जा रहे है। दोनों बहन का इलाज पीएमसीएच में किया जा रहा है। पीड़िता की मां ने बताया कि घर में दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। गरीबी स्थिति में किसी तरह परिवार को पाल रहे थे। बड़ी बेटी के पेट में चाकू से कई बार वार से जख्म ज्यादा हो गया है। हर दिन ड्रेसिंग हो रही है। वहीं, दीघा थानाध्यक्ष आरके सिंह ने इस बात की पुष्टि की है कि घटना के बाद पीएमसीएच में इलाज के लिए भेज दिया गया था। दोनों बहनों की स्थिति में सुधार है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से नामजद समेत सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। लेकिन पुलिस लगी हुई है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**क्या है मामलाः** दरअसल, पूरा मामला दीघा थाना क्षेत्र के रामजी चक इलाके में शुक्रवार का है। यहां पड़ोस के रहने वाले गोविंद नामक युवक ने घर में घुस कर दो बहनों को जख्मी कर दिया था। पीड़ित की बहन ने बताया था कि गुरुवार की देर रात गोविंद से कहासुनी हुई थी। हालांकि, घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने गोविंद समेत दो भाई पर मामला दर्ज करा दिया है।

### बिहार के 14 जिलों में एक्स्ट्रीम हीट वेव का अलर्ट

**पटना।** बिहार के अधिकांश हिस्सों में 10 से 14 जून के बीच एक्स्ट्रीम हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से आज 14 जिलों में हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, पटना, जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर शामिल है। इसके अलावा खगड़िया, भागलपुर, बांका, मुंगेर और जमुई में ऑरेंज अलर्ट तो सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आने में अभी थोड़ी देरी हो रही है। वैज्ञानिकों की माने तो आसमान में सबसे निचले स्तर से बादल दिखने लगते हैं, तब मानसून के आने का संकेत होता है। विभाग की माने तो 11-12 जून को कुछ जिलों में बारिश हो सकती है, लेकिन प्रदेश के लोगों को 14-15 जून के बाद ही गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए 10 जून से 14 जून तक भीषण गर्मी रहने को लेकर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में विभाग का कहना है कि राज्य के अनेक स्थानों में लू की स्थिति बनी रहेगी। इसको ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने 11 जून से 15 जून 2024 तक सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। इस दौरान सभी विद्यालयों के शिक्षक भी अवकाश पर रहेंगे। सोमवार को सरकारी स्कूल में पढ़ाई शुरू हुई थी, जहां गर्मी की वजह से फिर से स्कूलों में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। शेखपुरा में 6, जमुई में 6, छपरा में एक, पटना के बिहटा में एक, बांका में शिक्षिका समेत 10 और बक्सर में एक छात्र-छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। वहीं, बांका और भोजपुर में दो लोगों की मौत हो गई थी।

### करंट लगने से 10 साल के मासूम की मौत, वैशाली में नल जल योजना के मीनार में लगी मोटर पंप की तार से हादसा

**हाजीपुर।** वैशाली के पातेपुर थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में नल जल योजना के जल मीनार में लगी मोटर पंप के बिजली की तार से करंट की चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। मृतक शिवा कुमार सकरौली गांव निवासी संतोष पासवान का बेटा है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने घटना की सूचना महिसौर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। सकरौली गांव निवासी संतोष पासवान का दस साल का बेटा शिवा कुमार घर के पास स्थित नल जल के जलमीनार के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह पंप में लगे करेंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई है। घटना के काफी देर बाद स्थानीय लोगों ने बच्चे को तार के पास पड़ा देख कर शोर मचाना शुरू किया। घटना के बाद स्थानीय लोग जब-तक मौके पर पहुंचते तब-तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बच्चा दो भाइयों में बड़ा था।

### इंडो नेपाल बॉर्डर से 176 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद

**चाणक्या भूमि मैनाटांड।** प्रखंड क्षेत्र के इनरवा पुलिस ने मंगलवार को गस्ती के दौरान इनरवा खमिया इंडो नेपाल बॉर्डर से 176 पीस नेपाली कस्तूरी कुल 52.800 लीटर शराब बरामद किया है। इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने ने बताया की खमिया इंडो नेपाल बॉर्डर से 176 नेपाली कस्तूरी कुल 52.800 लीटर शराब बरामद किया गया है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्यवाही की जा रही है।

# अपराधियों ने युवक की गोली मार कर हत्या की, सड़क जाम

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर दियारा के शाहपुर थाना क्षेत्र माधोपुर में स्व महेन्द्र राय के बेटे झुलन राय (45) की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। कुछ दिन पहले इसके भतीजा मनीष कुमार की भी हत्या की गई थी। घटना मंगलवार की अहले सुबह हुई है। वारदात के दौरान झूलन राय गाय की सेवा में लगे हुए थे। वे गांव के ही हरिनंदन राय के दरवाजे पर थे। इस दौरान तीन की संख्या में आए बाइक सवार अपराधियों ने एक के बाद एक तीन गोली मारी है। गोली लगने के बाद झूलन ने भागने की कोशिश की। परिजनों ने इलाज के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



**शव रख कर सड़क जामः** सूचना पाकर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। वहीं, अनुमंडल अस्पताल जाने के दौरान परिजन उग्र हो गए। दानापुर ऑटो स्टैंड में शव रख दिया है। आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया गया है। मृतक की पत्नी सरिता देवी और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सड़क जाम की सूचना पाकर दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझा कर सड़क जाम हटवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया है। मृतक के भाई दूधनाथ राय ने बताया कि मेरा भाई दूध दुहाई का काम करता है। अहले सुबह गांव में हरिनंदन राय के दरवाजे पर गाय दूह रहा था। उसी समय नीतीश कुमार बाइक से अपने दो अन्य साथियों के साथ आकर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पहली गोली चलने के बाद झूलन भागने लगा।

**पेट, पीठ और सीने में लगी गोलीः** इसके बाद फिर पीछे से दो गोलियां दाग दी। इससे उसकी मौत हो गई। गोली झूलन के पेट पीठ और सीने में लगी। इससे पहले मेरे पुत्र मनीष को भी पिछले साल गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद लगातार केस उठाने का दबाव बना रहा था। वहीं, तीन महीने पहले भी नीतीश मेरे भाई झूलन की बिहटा थाना अंतर्गत आनंदपुर में गोली मारकर हत्या करने की कोशिश की थी। लेकिन इस दौरान वह बाल बाल गए थे। इस संबध में शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा के माधोपुर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हत्या जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में की गई है। परिजनों ने सुंदर और नीतीश पर हत्या करने का आरोप लगा रहे है। पूर्व में नीतीश ने मृतक के भतीजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस मामले में वह जेल जा चुका है। मौके से दो खोखा बरामद की गई है। शव को देखकर प्रतीत होती है की दो गोलियां मारी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा की कितनी गोलियां लगी है।

# पटना के लोग कर सकेंगे मंगल ग्रह की सैर

**एजेंसी, पटना।**

आज से पटना के लोग मंगल ग्रह की सैर कर सकेंगे। दरअसल, तारामंडल में वर्चुअल रियलिटी शो की आज से शुरुआत होने जा रही है। इसमें दर्शकों को मंगल ग्रह की वर्चुअल सैर-सपाटा कराई जाएगी। वहां के पहाड़, चट्टान आदि चीजों को इस शो के माध्यम से दिखाया जाएगा और ऐसा अनुभव होगा की आप खुद मंगल ग्रह पर मौजूद हैं। सुबह 11:30 बजे से 5:30 बजे तक यह शो को दिखाया जाएगा।



♦ तारामंडल में आज से वर्चुअल रियलिटी शो की शुरुआत, टिकट का दाम 20 रुपया

**एक बार में दो दर्शक देख सकेंगे शोः** इस शो के लिए दो सेट मशीन कोलकाता से मंगाई गई है। एक बार में दो दर्शक ही इस शो को देख पाएंगे। इस शो की अवधि 5 मिनट की होगी। इसके लिए बुकिंग डिजिटल पेमेंट के माध्यम से किया जा सकता है। टिकट का दाम 20 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग क्यूआर कोड के माध्यम से स्कैन करके इसके लिए पेमेंट कर सकते हैं। अग्रिम बुकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। दर्शकों के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर शो दिखाया जाएगा।

**10 अप्रैल को आम दर्शकों के लिए खोला गया थाः** इस साल 10 अप्रैल को तारामंडल को आम दर्शकों के लिए खोल दिया गया था। वर्तमान में इसमें 200 सीटों की क्षमता है। तारामंडल हर दिन 8 शो चलते हैं, जिसमें 2D और 3D दोनों तरह के शो होते हैं। इन शो के लिए लोग ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड में टिकट खरीद सकते हैं। इसके साथ ही दर्शकों को तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का विकल्प दिया गया है।

# BSEB के बाहर नर्सिंग अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**

बिहार बोर्ड कार्यालय (BSEB) के पास सैकड़ों की संख्या में नर्सिंग अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि आज इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। लेकिन, इसे बिना नोटिस दिए कैंसिल कर दिया गया है। मंगलवार की सुबह में पटना पहुंचे। इसके बाद पता चला कि इंटरव्यू कैंसिल कर दिया गया है।



**4 जून को नोटिस जारी हुआ थाः** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से 4 जून को नोटिस जाती करते हुए आउटसोर्सिंग के आधार पर डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट, नर्सिंग स्टॉफ की सेवा प्राप्त करने हेतु सूचना प्रकाशित की गयी थी। इसमें साक्षात्कार की तिथि 11.06.2024 निर्धारित की गयी थी।

**बोर्ड का क्या है कहनाः** बोर्ड की ओर से नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि 11 जून को निर्धारित इंटरव्यू में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण इसे स्थगित करते हुए 22 जून को पुणे निर्धारित किया जाता है। प्राप्त आवेदनों की शॉर्टलिस्टिंग करते हुए शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को दिनांक 19.06.2024 तक सूचना दे दी जाएगी।

# चिराग पासवान ने संभाला खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का प्रभार



**मुख्य बिंदु**

- चिराग पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग का प्रभार संभाला
- विभाग के 100 दिन का रोडमैप जल्द ही प्रस्तुत करेंगे
- उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य भी इस मौके पर मौजूद थे
- हाजीपुर के केला और मखाना को लेकर काम करने पर जोर दिया
- मंत्रालय में बहुत सारी संभावनाओं का उल्लेख किया
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभाग की भूमिका पर जोर दिया


**एजेंसी, पटना।**

लोजपा आर के अध्यक्ष और मोदी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मिनिस्टर चिराग पासवान ने आज खाद्य प्रसंस्करण विभाग का प्रभार संभाल लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन जल्द ही विभाग के 100 दिन का रोडमैप बताएंगे। इस अवसर पर उनके साथ उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। चिराग पासवान माथे पर टीका और गले में राम का पटका पहनकर मंत्रालय का प्रभार संभालने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस मंत्रालय में बहुत सारी संभावनाएं हैं। दूसरे देशों के मुकाबले अभी इसमें बहुत काम करना बाकी है। अपने क्षेत्र हाजीपुर के केला और मखाना को लेकर आगे काम करने पर जोर दिया। चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसे ईमानदारी से निभाने के लिए वह आए हैं। इस क्षेत्र में बहुत स्कोप है और यह विभाग किसानों की आय बढ़ाने का काम करेगा।

# बंद रखने के आदेश के बाद भी खुले स्कूल

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में भीषण गर्मी के चलते 11 से 15 जून तक सभी सरकारी स्कूल बंद रहेंगे, लेकिन पटना में आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मामला मनेर थाना क्षेत्र के सराय स्थित दुनियारी उच्च विद्यालय का है। जहां स्कूल बंद रखने के आदेश के बाद भी 9वीं और 10वीं क्लास के बच्चों की परीक्षा ली गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें में साफ देखा जा सकता है कि शिक्षकों की मौजूदगी में परीक्षा ली जा रही है। वहीं, स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल गणेश लाल से जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल बंद होने की जानकारी नहीं थी। जिसके चलते बच्चे स्कूल पहुंच गए थे, इसलिए हमने भी एग्जाम ले लिया। इसमें मुद्दा क्या है, 12 जून से स्कूल बंद रहेगा।




पटना के मनेर में छात्रों की ली गई परीक्षा

**सोमवार को स्कूल बंद रखने का आदेश हुआ था जारीः** बता दें कि छुट्टी के बाद सोमवार को सरकारी स्कूलों में पढ़ाई शुरू हुई थी। गर्मी की वजह से फिर से स्कूलों में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। शेखपुरा में 6, जमुई में 6, छपरा में एक, पटना के बिहटा में एक, बांका में शिक्षिका समेत 10 और बक्सर में एक छात्र-छात्राओं की तबीयत खराब हो गई थी। बिहटा में छात्रा की नाक से खून निकलने लगा था। जिसके बाद बिहार सरकार ने 11 से 15 जून तक सभी स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया था। इस दौरान शिक्षकों को भी स्कूल नहीं आना होगा। हीट वेव के रेड अलर्ट को लेकर यह छुट्टी दी गई है।

# थाने से रिहाई के नाम पर ऑटो ड्राइवर से धोखाधड़ी

**एजेंसी, पटना।**

पटना मनेर के सादिकपुर गांव के रहने वाले रहीश के साथ गांधी मैदान इलाके में धोखाधड़ी और चोरी की घटना हुई है। रहीश ऑटो चलाता है। रहीश ने बताया कि बीते 4 तारीख को बिहटा से एक राहगीर ने पटना के गांधी मैदान के लिए ऑटो रिजर्व किया। 1600 रुपए में ऑटो बुक कर पटना का गांधी मैदान आया। यहां गांधी मैदान गेट नंबर 10 के पास शातिर ने ऑटो ड्राइवर से कहा कि बहन से मिलकर चलते हैं। बहन इसी होटल में रहती है। फिर होटल के अंदर रहीश का मोबाइल भी बातचीत करने के नाम पर लेकर चला गया। बहुत देर इंतजार करने के बाद भी नहीं लौटा। बाद में ड्राइवर ने देखा की उसके गले में जो एक सोने का लॉकेट पहना था। जिसकी कीमत लगभग 12000 रुपए है, वो भी गायब था।



**अकाउंट में मंगाया रुपएः** इसी बीच शातिर ने ऑटो वाले के परिजनों को कॉल कर दिया। कॉल करने के बाद परिजनों को बताया कि रहीश पकड़ा गया है। ऑटो में शराब थी। जिसके चलते थाना ने पकड़ लिया है। पैरवी के लिए नाम पर पहले 20000 रुपए मांगा। मोल जोल करते 8000 रुपए पर बात बनी। परिजनों ने शातिर के द्वारा दिए हुए नंबर पर डिजिटल पे करा दिया।


**ठग को दिए किस्त के रुपएः** ऑटो चालक की पत्नी कविता ने बताया कि ऑटो का किस्त चुकाने के लिए 8600 रुपए जमा कर के रखी थी। लेकिन घटना के बाद से हाथ खाली हो गया है। उधर बैंक वाले ऑटो किस्त के लिए रोज घर पर आ रहे हैं। परेशानी बढ़ गई है।

**दर्ज की गई प्राथमिकीः** गांधी मैदान थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली थी। प्राथमिकी दर्ज हो गई है। छानबीन की जा रही है।

# एकतरफा प्यार में SI के बेटे ने किया सुसाइड

**एजेंसी, पटना।**

पुलिस मुख्यालय में सीआईडी के एसआई पद पर तैनात श्याम रंजन सिंह के बटे आर्यन की मौत के मामले में नया एंगल सामने आया है। पहले पुलिस इसे हत्या मानकर चल रही थी, लेकिन आर्यन के साथ पार्टी में मौजूद 2 लड़कों की गिरफ्तारी के बाद अब ये मामला सुसाइड का लग रहा है। इन सबसे बीच ये बात निकलकर सामने आ रही है कि 18 साल के आर्यन ने एकतरफा प्यार में सुसाइड किया है। आर्यन और उसके दोस्तों ने कॉन्ट्री कर के बर्थ-डे पार्टी रखी थी। इसमें 2000 की शराब आई थी और 8 हजार में कॉल गर्ल। आर्यन के दोस्तों की माने तो उसने पहले शराब पी फिर वो दूसरे कमरे में चला गया। वो किसी से बात कर रहा था फिर उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस की पूछताछ में ये बात सामने आई कि आर्यन उस वक्त वीडियो कॉल पर अपने कॉलेज में पढ़ने वाली एक लड़की से बात कर रहा था। वो बार-बार उसे आई लव यू बोल रहा था। पुलिस ने लड़की से भी पूछताछ कि उसने बताया कि वो सिर्फ अच्छे दोस्त थे। आर्यन उस रात बार-बार आई लव यू बोल रहा था। मैंने कहा तुम नशे में हो इसके बाद फोन काट दिया।



लड़की को फोन कर बार-बार बोल रहा था आई लव यू, बर्थ-डे पार्टी में आई थी कॉल गर्ल

**पहले वीडियो कॉल किया फिर सुसाइडः** इधर, एसडीपीओ सचिवालय 2 साकेत कुमार के अनुसार पुलिस को आरोपी विकास कुमार के मोबाइल में जो वीडियो मिले हैं। उसमें ये लग रहा है कि ये आत्महत्या है। पुलिस इस वीडियो को सार्वजनिक नहीं कर रही है। पुलिस का भी कहना है कि आर्यन ने एकतरफा प्यार में वीडियो कॉल किया। फिर नशे में होने की वजह से आत्महत्या कर लिया।

**2000 में शराब तो 8000 में लाई गई थी लड़कीः** विकास के पड़ोस में रहने वाले एक दोस्त ने बताया कि उस पार्टी में उसे भी जाना था। लेकिन पिता के साथ कहीं चले जाने के चलते पार्टी में शामिल नहीं हो पाया। इस पार्टी के खर्च को दो भागों में बांट गया था। आधा पैसा आकाश ने दिया, बाकी का सभी ने आपस में चंदा किया था। इसमें कुल 5 लोग शामिल थे। आकाश ने 2000 में किसी सप्लायर से शराब खरीदी थी। आकाश और सुमित पटना जंक्शन से 8000 में लड़की लेकर आए थे। ये पार्टी दिन के 2 बजे से रात के 9 बजे तक चली। यह पार्टी दो कारणों से दी जा रही थी। पहला विकास के जन्मदिन का और दूसरा आर्यन और विकास के बीच कुछ दिन पहले हुए विवाद के खत्म होने का। लेकिन आर्यन की मौत को लेकर दोस्त कुछ बता नहीं सका। दोस्त के हिसाब से मौत 10 बजे हुई।

**बर्थ-डे पार्टी में मौजूद थे 5 लोगः** पार्टी के दौरान वहां पर 5 लोग और एक महिला मौजूद थी। हालांकि घटना के वक्त महिला वहां से जा चुकी थी। पुलिस ने वहां मौजूद 5 लोगों में से मुख्य आरोपी विकास कुमार उर्फ पीयूष के साथ उसके भाई आयुष को गोपालगंज के फुलवरिया से गिरफ्तार किया। ये दोनों सुदेश कुमार यादव के बेटे हैं। पेशे से ठेकेदार सुदेश राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पट्टीदार (गोतिया) भी हैं।

# जेठुली गोलीकांडः फतुहा प्रखंड प्रमुख समेत 10 गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**

पटना पुलिस ने जेठुली गोलीकांड मामले में फतुहा प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में कुणाल सिंह, पिंकू कुमार, सहेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अनिरुद्ध कुमार, हरिमोहन राय, कुमार विशिष्ट नारायण, अजीत राम और रंगनाथ पांडेय शामिल हैं। इन गिरफ्तार लोगों के पास से 6 लाइसेंसी राइफल, 161 जिंदा कारतूस, 9 खोखा, 1 स्पोटिंग राइफल, 29 स्पोटिंग राइफल की गोली, एक दो नाली बंदूक, एक रिपीटर राइफल, एक पिस्टल, 13 मोबाइल और एक मारुति कार बरामद किया है। सोमवार को जेठुली गांव में बच्चा राय गुट की ओर से जमकर फायरिंग की गई थी। इस गोलीकांड से पहले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि 8 से 10 लोग हाथ में हथियार लेकर बीच सड़क पर लहरा रहे हैं।



**एसटीएफ की मदद से की गई गिरफ्तारीः** ग्रामीण एसपी रौशन ने बताया कि उमेश राय, बच्चा राय गांव में अपना वर्चस्व कायम करने को लेकर कुछ लोगों के साथ एक जगह जमा हुए थे। इनको देखकर दूसरे पक्ष के लोग भी आक्रोशित होकर जमा हो गए थे। फिर दोनों गुट के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद एक पक्ष की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। एसटीएफ की टीम और नदी थाने की पुलिस गांव में पहुंचकर घेराबंदी की और घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया।

**74 लोगों के खिलाफ FIR दर्जः** ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से 47 लोगों की पहचान की गई है। इन लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली गई है। 10 लोगों को गिरफ्तार किया है और बाकि लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। इसमें मुख्य आरोपी बच्चा राय और उमेश राय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चा राय और उमेश राय हाल में ही जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। पुलिस इन दोनों की जमानत रद्द कराने के लिए कोर्ट में अपील करेगी। जेठुली गांव में 15 महीने पहले पार्किंग को लेकर उमेश राय और चनारिक राय के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद में उमेश राय गुट के लोगों ने तीन लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में उमेश राय के भाई बच्चा राय को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बच्चा राय बेल पर जेल से बाहर निकलकर गांव पहुंचा तो वर्चस्व कायम करने के लिए अपने साथियों के चनरिका राय के घर के आसपास ताबड़तोड़ फायरिंग की। हालांकि, इस गोलीबारी में किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी रौशन कुमार भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने बताया कि गोलीकांड में आरोपित पक्ष के कुछ लोग बेल पर छूट कर जेठुली गांव पहुंचे थे।

# बच्चों के मीड डे मील में मिला कीड़ा:किशनगंज में मामले ने पकड़ा तुल



### जिला मध्याह्न भोजन पदाधिकारी बोले–जांच कर होगी कार्रवाई

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप स्थित आदर्श मध्य विद्यालय बहादुरगंज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलने वाली मीड डे मील के भोजन में कीड़ा मिलते ही विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बहादुरगंज नगर क्षेत्र के अधिकांश सरकारी विद्यालयों में सरकार की ओर से दी जाने वाली मीड डे मील भोजन जन जागृति एजेंसी सप्प्लाई कराती है। जन जागृति एजेंसी में कार्यरत कर्मियों की लापरवाही से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ एक बड़ी घटना घटित होने से बच गयी।

स्थानीय अभिभावकों ने जन जागृति एजेंसी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए डीएम किशनगंज तुषार सिंगला से उचित जांच कर कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय के अध्यक्ष सह स्थानीय वार्ड पार्षद संजय भारती ने कहा कि स्थानीय अभिभावकों ने पहले भी कई बार एजेंसी द्वारा दिए जाने वाले मीड डे मील की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाया गया था, जिसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से संबंधित विभाग एवं एजेंसी को भी दी गयी थी लेकिन फिर भी सुधार न होना और इस प्रकार के जहरीले भोजन छात्र छात्राओं के लिए भेजा जाना एक बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। जिला मध्याह्न भोजन पदाधिकारी नूपुर कुमारी ने सोमवार की शाम बताया कि घटना कि जानकारी उन्हें दूरभाष से प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर उक्त एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जायगी।

## डॉक्टर की लग्जरी कार से शराब तस्करी, तीन गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर मध निषेध की पुलिस ने दो लग्जरी कार में यूपी के शराब के साथ तीन शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। लग्जरी कार पर डॉक्टर का स्टिकर लगा कर शराब की तस्करी कर रहा था।द टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर जिले के पारू थाना क्षेत्र में लालू छपरा गांव में विदेशी शराब को कार में लादकर पताही ले जा रहे है। टीम लालू छपरा गांव में छापेमारी करने पहुंची। जहां पुलिस टीम ने दो लग्जरी कार से 45 कार्टन शराब बरामद की। मौके से तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। एक कार का नंबर प्लेट बंगाल और एक कार पर डॉक्टर लिखा हुआ है।

**मोहमदपुरखाजा गांव के रहने वाले हैं बदमाश :** दो तस्कर की पहचान करजा थाना क्षेत्र मोहमदपुरखाजा गांव निवासी के रूप में हुई है। मध निषेध की इंस्पेक्टर शिबेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने पारू थाना क्षेत्र लालू छपरा में कार्रवाई की। दो लग्जरी कार से शराब की खेप लेकर पहुंचे तीन लोग पकड़े गए। इस दौरान लाखों रुपए की शराब की खेप बरामद हुई है। जब्त लग्जरी कार में डॉक्टर का स्टिकर लगा हुआ है।

# कार चलाते वक्त आई झपकी, कंटेनर से जोरदार टक्कर, हादसे में इकलौते बेटे और भाई की मौत





**हाजीपुर, एजेंसी।** हाजीपुर जिले के गवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर सड़क किनारे खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घालय हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में बच्चे अथर्व की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद दिनभर भर्ती रखने के बाद छुट्टी दे दी गई।

हादसे में कार चला रहे अश्वनी के फूफेरे भाई और उनके इकलौते बेटे की मौत हो गई। रोते-बिलखते अश्वनी कुमार ने बताया कि कैसे झपकी आई उन्हें इसका एहसास भी नहीं हुआ और हादसा हो गया। हादसे के बाद सूचना मिलते ही परिजन नालंदा और नवादा से हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचने लगे। जैसे-जैसे परिचितों को हादसे के बारे में पता चलते गया, वैसे-वैसे लोग सदर अस्पताल पहुंचने लगे।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अश्वनी कुमार अपनी पत्नी रंजीता पाल, पुत्र अथर्व कुमार और पुत्री आश्वी आर्या के साथ काठमांडू घूमने के लिए गए थे। काठमांडू से घूमकर आने के बाद रविवार की रात को रक्सौल में फूफेरे भाई के यहां ठहर गए। इसके बाद अश्वनी कुमार रक्सौल से अपने फुफेरे भाई नागेन्द्र पाल और भाभी शांति देवी के साथ पटना के लिए निकले। सोमवार की अहले सुबह करीब 4 बजे सभी लोग कार में बैठकर पटना की ओर निकले थे।

परिजनों ने बताया कि कार चलाते समय अश्वनी को झपकी आ गई, जिससे यह हादसा हो गया। हादसे में अश्वनी के घर के चिराग अथर्व की मौत हो गई। अथर्व की मां बार-बार यही कह रही थी कि मेरा बेटा कहां है, ठीक तो है ना..। यह कहते हुए सदर अस्पताल में वह बेहोश होकर गिर जाती। होश में आने पर बार-बार यही कहती कि एक बार मेरे बेटे का मुंह दिखा दो....। किसी तरह लोगों ने उसे संभाला और दिलासा देने की कोशिश करते रहे कि उनका पुत्र सही सलामत है। काठमांडू घूमने के दौरान अथर्व ने अपने लिए दूरबीन के साथ कई खिलौने खरीदे। ताकि घर जाकर अपनी बहन के साथ दूरबीन और अन्य खिलौना से खेलेगा, लेकिन, होनी को कुछ और ही मंजूर था, हादसे के वक्त अर्थव अपने हाथों में दूरबीन से सड़क किनारे का नजारा देख रहा था। उसे पता नहीं था कि उसका आज अंतिम दिन है। कंटेनर से टकराने के बाद जिस सीट पर अर्थव बैठा था दूरबीन उसी जगह पर गिरी पड़ी मिली। मृत किशोर अथर्व के माता रंजीता पाल विद्युत विभाग एवं पिता अश्विन कुमार जल संसाधन विभाग में कार्यरत है।

आंख खुली तो हम सदर अस्पताल में थे अश्वनी कुमार ने बताया कि मुझे झपकी कब आई, मुझे पता नहीं चला। जब आंख खुली तो हम सदर अस्पताल के वार्ड में भर्ती थे। इतना जल्दी सब कुछ हो गया, कुछ समझ में नहीं आया। हादसे में मेरा सब कुछ चला गया और कहते हुए रोने लगे।

हादसे के बाद पोस्टमार्टम कराने को लेकर दोनों के शव को सदर अस्पताल लाया गया। जहां नागेन्द्र पाल के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं अर्थव के मृत शरीर का पोस्टमार्टम कराने को लेकर मनाकर दिया गया। नागेन्द्र पाल का दाह संस्कार नालंदा में पैतृक गांव में किया जाएगा, वहीं अर्थव के पार्थिव शरीर को पैतृक घर नवादा ले जाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरुआ के सकरपुरा मध्य विद्यालय की दो छात्राएं हुई बेहोश

**धनरुआ, एजेंसी।** धनरुआ प्रखंड के सकरपुरा स्थित मध्य विद्यालय की आठवीं और छठी कक्षा की दो छात्राएं सोमवार की दोपहर अचानक बेहोश हो गयीं। उसके सहपाठियों के शोर मचाने के बाद मौजूद शिक्षक अन्य छात्राओं की मदद से दोनों को बाहर हवादार जगह पर लाकर पानी का छींटा दिया गया। उसके कुछ देर बाद दोनों को होश आया। इसके बाद शिक्षक ने दोनों को ओआरएस का घोल पिलाया। इसबीच इसकी सूचना दोनों छात्रा बेबी कुमारी व पूजा कुमारी के परिजन समेत गांव के अन्य लोगों को हुई और वे सभी भागे भागे विद्यालय पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि कक्षा में पंखा है, लेकिन बिजली नहीं रहने से नहीं चलता है। प्रधानाध्यापक रवीन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया और दोनों छात्रा को सकुशल घर पहुंचवाया।

### वृद्ध महिला का शव मिला, लू से मरने की आशंका

**मसौढ़ी, एजेंसी।** पटना गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन परिसर स्थित बंद शौचालय परिसर से 70 वर्षीया एक अज्ञात वृद्धा का शव सोमवार को रेल पुलिस ने बरामद किया। तारेगना रेल थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका देखने से भिखारी प्रतीत होती हैं। शव का पहचान नहीं हो सकी है। यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लू की चपेट में आने से वृद्धा की मौत बताई जा रही है।

### पैसे नहीं दिए तो पिता की कर दी पिटाई, पेंशन के रुपए को लेकर विवाद



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के बेला गांव में सोमवार को पेंशन के पैसे के विवाद को लेकर बेटे ने अपने पिता और उनके दो पोते की पिटाई कर दी। जिससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में धोबहा थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी सह रिटायर्ड फौजी केदारनाथ मिश्र और उनके दो पोते अमर मिश्रा व गोलू कुमार शामिल है। रिटायर्ड फौजी केदारनाथ मिश्र ने बताया कि मैं आर्मी से रिटायर्ड हूं। 47 हजार रुपए पेंशन मिलता है। दो दिन पूर्व तीसरे नंबर वाला बेटा अनिल मिश्रा कोलकाता से वापस गांव लौटा है। वो पैसा मांग रहा था। मैंने कहा कि अभी मेरे पास सिर्फ 15 हजार रुपए है ले लो। लेकिन वह नहीं माना और ज्यादा पैसे की मांग करने लगा। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उसने मेरी पिटाई शुरू कर दी। मुझे पिटता देख मेरे दोनों पोते अमर मिश्रा और गोलू कुमार आए तो अनिल मिश्रा ने उनकी भी पिटाई कर दी। जिससे सभी जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद पीड़ितों ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की है।

### दो थाना अध्यक्ष सहित 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज जिले में एसपी सागर कुमार के निर्देश पर दो थाना अध्यक्ष सहित 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया। जिले में बेहतर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी सागर कुमार ने बहादुरगंज अंचल पुलिस निरीक्षक इजहार आलम को टेढ़ागाछ थाना का प्रभार दिया है। वहीं पुलिस केन्द्र में स्थापित संजय पांडेय को बहादुरगंज अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। कोचाधामन के अपर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय को साइबर थाना का प्रभार दिया गया है। कोचाधामन थाना में पदस्थापित महेश पूर्वे को अपर कोचाधामन थाना अध्यक्ष व अनुसंधान इकाई का प्रभार दिया गया है। टेढ़ागाछ थानाध्यक्ष प्रभारी धनजी कुमार गर्वनडंगा को थानाध्यक्ष बनाया गया है। साइबर थाना के राजु उर्फ जितेन्द्र को छत्तरगाछ कैंप प्रभारी बनाया गया है। वहीं कोचाधामन थाना के राजु कुमार को धनपुरा प्रभारी पिकेट बनाया गया है । पुलिस केन्द्र में पदस्थापित अमित कुमार को साइबर थाना अनुसंधान इकाई का प्रभार दिया गया है। किशनगंज हिन्दी शाखा पुलिस कार्यालय में पदस्थापित दुधनाथ सिंह को पुलिस केन्द्र में स्थान दिया गया है।

# बिहार में गर्मी से हाहाकार, पटना समेत 14 जिलों में रेड अलर्ट

### बक्सर में पारा 46 के पार



**पटना, एजेंसी।** दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालांकि उत्तर बिहार में गर्मी से आंशिक तौर पर लोगों को रहता है। मौसम विभाग ने मंगलवार को पटना सहित दक्षिण बिहार के 14 जिलों में भीषण गर्मी का रेड और 5 जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

उत्तर बिहार के 5 जिलों में गर्म दिन रहने के आसार हैं। इसके साथ ही उत्तर-पूर्व भाग के जिलों में कुछ स्थानों पर गरज व तड़क के साथ हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को पटना सहित 20 शहर भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहे। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 45.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर और भोजपुर रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि 14 जून तक दक्षिण बिहार के अधिकतर जिलों में लू चलने की आशंका है। खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई में लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और छपरा में गर्म दिन रहने के आसार हैं। सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार के एक-दो स्थानों पर गरज व चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पटना, बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय, शेखपुरा, भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है।



## पटना में गोला रोड़ उप डाकघर का हुआ उद्धाटन:एक लाख से अधिक लोगों को मिलेगा फायदा

**पटना, एजेंसी।** पटना के गोला रोड़ रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पास उप डाकघर का उद्धाटन किया गया। उद्धाटन समरोह में चीफ पोस्टमास्टर जनरल बिहार सर्किल अनिल कुमार और निदेशक डाक सेवा मुख्यालय पवन कुमार समेत अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 1 लाख की आबादी को मिलेगा सुविधा

वहीं चीफ पोस्टमास्टर जनरल बिहार सर्किल अनिल कुमार ने बताया कि डाक केंद्र एक कोर बैंकिंग सर्विस उप डाकघर है, इस उप डाकघर में डाक सेवाओं के अतिरिक्त अन्य आधुनिक वितीय सेवाओं का समावेश किया गया है, जिसमें बचत बैंक के सभी स्कीमों के साथ साथ स्पीड पोस्ट पार्सल और पंजीकृत पत्रों के बुकिंग भेजने से सम्बन्धित कार्य किए जाएंगे। गोला रोड़ और आसपास के आम लोगों को डाकघर की आधुनिक वितीय डाक सेवाओं खगौल या दानापुर कैंट उप डाकघर जाने कि जरूरत नहीं पड़ेगा। यह एक डबल हैण्ड उप डाकघर है,जिससे लगभग 1 लाख की आबादी को बेहतर डाक सुविधा प्रदान करने हेतु डाक विभाग सुविधा दे सकेगा।

### स्थानीय लोगों ने जताया आभार

गोला रोड़ उप डाकघर के नए भवन में शुभारंभ को लेकर स्थानीय निवासियों में हर्षोल्लास का माहौल था। स्थानीय ग्राहकों विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, आम जनता, आसपास के व्यापारिक दुकानों, शैक्षणिक इंस्टीट्यूट के छात्र गणऔर कर्मचारियों ने डाक विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, रास्ते में स्कॉर्पियो ने रौंद डाला, घर से मार्केटिंग के लिए निकला था युवक



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर शहर के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा पुल के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार एक युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद मौके पर पहुंची नवादा और ट्रैफिक थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**पुलिस ने परिजनों को दी सूचना :** मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत अख्तियारपुर बड़का गांव निवासी स्व. सत्य नारायण चौधरी का 21 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार उर्फ टाइगर है। मृतक के चाचा कुंदन कुमार ने बताया कि वह बाइक से मार्केटिंग करने के लिए बाजार जा रहा था। इसी दौरान चंदवा पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात स्कॉर्पियो ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन आरा अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां इंदु कुंवर और दो भाई डिंपल चौधरी, दीपू चौधरी और एक बहन रेशमी देवी है।

# नालंदा में साली के प्यार में पति ने कर दी पत्नी की हत्या



**नालंदा , एजेंसी।** बिहार के नालंदा में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जब साली के प्यार में पागल पति ने पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। लव अफेयर में रोड़ा बन रही पत्नी की हत्या के बाद उसके टुकड़े-टुकड़े करके जमीन में दफना दिए। दो महीने पहले ही मृतका की शादी हुई थी।दीपनगर थाना क्षेत्र के गोइठवा नदी के पास से सोमवार की सुबह पुलिस ने जमीन खोदकर महिला का नरकंकाल निकाला।

आरोपी ने महिला के शव के दर्जनों टुकड़े कर दिये गये थे। उसके बाद पेट्रोल व नमक डालकर उसे जमीन में दफना दिया। शरीर पर मांस का एक टुकड़ा भी नहीं बचा है। परिजन गड्ढे में मिली बेडशीट व दुपट्टे से उसकी पहचान करने का दावा कर रहे हैं। चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की पत्नी अनरिका देवी के रूप में पहचान करने का दावा किया जा रहा है। उसकी शादी दो महीने पहले हुई थी।

मायके वालों का आरोप है कि वह सात दिनों से गायब थी। परिजन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना भी गये थे। हालांकि, खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी। घटना के बाद गुस्साये मायके के लोगों ने ससुराल वालों को जमकर पीट दिया। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है।अनरिका के भाई सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर गांव निवासी संजय केवट ने बताया कि तीन जून की सुबह बहनोई ने फोन कर पूछा कि वह मायके गयी है। उसके नहीं कहने पर कहा कि वह भाग गयी है। इसके बाद चकदिलावर गांव पहुंचे। यहां बहन नहीं थी।

संजय ने बताया कि खोजबीन में उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में पता चला कि बहनोई घर से चार किलोमीटर दूर गोइठवा नदी के पास दारू चुलाने का काम करता है। वहां गड्ढे में मिट्टी से ढंका सिर दिखायी पड़ा। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। शव मिलने के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। पुलिस ने बीच-बचाव किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

अपर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शरीर पर मांस का टुकड़ा नहीं था। फॉरेंसिक जांच के लिए शव को पटना भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद पहचान पुख्ता होगी। ससुराल के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। नौ जून को युवक ने पत्नी के गायब होने की शिकायत की थी। पति व भाई को हिरासत में लिया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के वैज्ञानिकों ने किसानों के खेतों और फसलों का किया निरीक्षण

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।खेती की आधुनिक तकनीक एवं प्राकृतिक खेती के तौर तरीकों को अपना कर ही अन्नदाता का कल्याण हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बैंक के कर्मीयो के लिए किया गया ।जिसमें केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए काम करता है एवं हमारे वैज्ञानिक गांव -गांव में जाकर खेती से संबंधित समस्या का समाधान भी कर रहे हैं. इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड गोपाल कुमार पंडित एवं एलडीएम सतीश कुमार द्वारा बैंक के कर्मियों को निर्देश दिया गया की किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो सके इसके लिए सही समय पर कृषि लोन दिया जाए ताकि वह अपनी खेती में आवश्यक सभी कार्यों को समय पर पूरा कर सके एवम लोन वापसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कहा गया । प्रक्षेत्र निरीक्षण के उपरांत डॉक्टर सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में लगे मोटे अनाजों के प्रत्यक्षण इकाई के बारे में बताया गया कि आज आवश्यकता है कि मोटे अनाजों का उपयोग किया जाए यह अनाज बदलते मौसम के लिए किसानों के लिए काफी उपयुक्त है इसकी खेती के लिए कम लागत एवं कम संसाधनों की आवश्यकता होती है साथ ही साथ पर्यावरण हितैषी होने के कारण जलवायु परिवर्तन से प्रभावित नहीं होती है। साथ ही साथ अन्य प्रत्यक्षण इकाइयां जैसे मुर्गी पालन , बकरी पालन , बत्तख पालन, पोषण वाटिका मॉडल तथा समेकित कृषि प्रणाली मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों बैंक कर्मी एवं केंद्र के वैज्ञानिकों में डा धीरू तिवारी, सौरभ दुबे एवं कर्मियों में अवधेश कुमार, मनोज कुमार, दिलखुश कुमार, कमलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, एवं संभू कुमार आदि उपस्थित रहे।



• किसानों को सस्ते दर पर मिलेगा ऋण

# 39 लिटर विदेशी शराब बरामद एक धंधेबाज गिरफ्तार दूसरा फरार बाइक जप्त

चाणक्य भूमि (बैरिया )

श्रीनगर थाना के पुलिस ने अलग-अलग जगहों से कार्रवाई करते हुए 39 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी के प्रयोग में लाई जाने वाली बाइक को भी जप्त किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिला की उत्तर प्रदेश से दियारा के रास्ते कोईरपट्टी घाट होते हुए शराब के खेप आ रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस कोईरपट्टी घाट पहुंची जहां पुलिस को आता देख शराब तस्कर शराब छोड़ फरार हो गया। तलाशी के दौरान रॉयल स्टेज के 27 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में चिह्नित करते हुए फरार शराब तस्कर बैजुआ निवासी सतीश कुमार 30 वर्षीय पर प्राथमिक की दर्ज किया इधर थाना क्षेत्र के पूजाहा के नेउर चौधरी घाट से 12 लीटर विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करते हुए बाइक को भी जप्त किया गया है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान श्रीनगर गांव निवासी जयश्री यादव 30 वर्षीय के रूप में की गई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए प्राथमिक की दर्ज कर शराब धंधेबाज को जेल भेज दिया। फरार धंधेबाज को गिरफ्तारी करने में जुट गई है।

# वाल्मीकि नगर घूमने आये सिवान के दो टूरिस्ट की हादसे में मौत

चाणक्यभूमि बगहा

सड़क हादसे में दो युवक की मौत हो गई है जानकारी के अनुसार दोनों युवक सीवान के रहने वाले थे और दोनों सीवान से वाल्मीकि नगर घूमने गए थे। इसी दौरान वाल्मीकि नगर से लौटने के क्रम में दुर्घटना में दोनों की मौत हुई है।

पूरा मामला वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के वाल्मीकि नगर-बगहा मुख्य सड़क का है। जहां भेडिहारी कंपार्ट के समीप बाइक सवार, बंदर को बचाने के क्रम में बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराए। इस घटना में बाइक चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि, पीछे बैठा युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसकी इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वाल्मीकि नगर पुलिस के एसआई महेश कुमार और डायल-112 आपात सेवा की वाहन घायल व्यक्ति को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। यहां से उक्त व्यक्ति को रेफर कर दिया गया। लेकिन, इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई है।

बाइक चालक की पहचान रतन भगत के बेटे राहुल कुमार (28) के रूप में हुई है। इसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, दूसरे व्यक्ति की पहचान मदन प्रसाद के बेटे विशाल कुमार (30) की मौत इलाज के क्रम में हुई है।






# ओरिया नदी के तट पर दो शव मिलने से ,फैली सनसनी

चाण्क्य भूमि मैनाटाड़



भंगहा थाना क्षेत्र के नगरदेही गांव से सेट नेपाल के बिशनपुरवा गांव के पास ओरिया नदी के तट पर गड़े हुये दो व्यक्तियों के शव मिलने से सनसनी फैल गयी । मामला मंगलवार के अपराह्न का है।मिली जानकारी के अनुसार नेपाल बिशनपुरवा के समसूल होदा बागड़ खेती कार्य के लिए ओरिया नदी के तरफ आये हुये थे। तो उन्होंने मिट्टी में गड़े हुये शव के एक हाथ को देखा । उसके बाद भागते हुए गांव की तरफ गये समसुल होदा ने गांव के लोगों की मामले की जानकारी दी। उसके बाद बिशुनपुरवा गांव के लोग नेपाल एपीएफ, जानकी टोला और पिपरा पुलिस को सूचना दिया। इधर सूचना मिलते ही नगरदेही एसएसबी और भंगहा पुलिस भी ओरिया नदी के तट पर पहुंची ।वहीं नेपाल एपीएफ ,जानकी ओला और पिपरा पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी होने पर सीमावर्ती गांवों के लोग भी काफी संख्या में पहुंच गये।मौके पर दोनों देश के पुलिस पदाधिकारीयों ने इंडिया और नेपाल के क्षेत्र में शव के गड़े होने की जांच की। जांचोपरांत शव के नेपाल के क्षेत्र में गड़े होने का मामला पाया गया ।उसके बाद नेपाल एपीएफ के द्वारा खोजी कुत्ते को भी मंगाया गया।जिस शव का हाथ ऊपर दिख रहा था।उसे निकाला गया। उसके बाद खोजी कुत्ते की मदद से दूसरे शव की खोज की गयी।तो पहले वाले शव के स्थान से 500 मीटर की दूरी पर दूसरा शव भी गड़ा हुआ मिला। दोनों शव पुरूष के है। शवों के देखने से पता चल रहा है की गला दबाकर हत्या कर दी गयी है।हत्या कै बाद अलग अलग जगहों पर शव को गढ़ दिया गया है । दोनों शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। नेपाल एपीएफ के पुलिस पदाधिकारी कुछ भी बताने से परहेज करते रहे और दोनों शवों को अपने साथ लेकर बीरगंज लेकर चले गये। दोनों शव जहां मिला है वहां एक झोले में हड्डी, जड़ी बूटी माला जैसे तांत्रिक अपने पास सामान रखते हैं।वैसी साम्रगी वहां उसे टाइप से सामान मिला। मौके पर मौजूद लोगों में तरह तरह की चर्चा हो रही थीं।

# दंडाधिकारी जिन्नत मंजूर के नेतृत्व में रक्सौल जंक्शन पर चला विशेष चेकिंग



चाणक्यभूमि बेतिया

रक्सौल जंक्शन पर आज विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान न्यायिक दंडाधिकारी जिन्नत मंजूर के नेतृत्व में चलाये गया।इस अभियान के दौरान 50 से अधिक बेटिकट रेल यात्रियों से जुर्माना वसूला गया। इस जाँच अभियान के कारण बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों में हड़कंप मच गया। इस चेकिंग अभियान को रक्सौल में मुख्य चल टिकट निरीक्षक शयनयान सुधीर कुमार मिश्रा और नरकटियागंज प्रभारी एएच अंसारी की देखरेख में चलाया गया।

इसमें मुख्य रूप से सीटीटीआई नरकटियागंज परवेज खान, स्वयं प्रकाश राय, टीटीई मनोज कुमार, राम बहादूर राम, संजय कुमार शामिल रहे। वहीं, मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान विधि व्यवस्था की कमान रेलवे सुरक्षा बल रक्सौल पोस्ट के निरीक्षक ऋतु राज कश्यप, जीआरपी थानाध्यक्ष पवन कुमार संभाल रहे थे।

# नेपाल से ला रहे शराब की बोतलों के साथ धंधेबाज धराया

चाण्क्यभूमि मैनाटाड़

पुरूषोत्तमपुर पुलिस ने बाइक पर लाद कर ला रहे शराब की बोतलों के साथ धंधेबाज को धर दबोचा है। पुरूषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि इंडो नेपाल बार्डर पर पुलिस टीम गश्त पर थी।तभी एक अपाची बाइक सवार नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। पुलिस टीम को देखते ही वह बाइक सवार भागना चाहा। लेकिन पुलिस जवानों ने सक्रियता दिखाते हुये उस बाइक सवार को पकड़ लिया। पकड़े गये बाइक सवार की जब जांच की गयी तो बाइक पर लदे बोरा में से एक सौ चालीस बोतल नेपाल निर्मित कस्तूरी शराब मिला।शराब की बोतलों के साथ पकड़ा गया धंधेबाज नेपाल के पोखरिया थाना अन्तर्गत टिहुकी गांव निवासी आशीष कुमार है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 48/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इंडो नेपाल बार्डर पर सख्ती बढ़ा दी गयी है।






# उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत


चाणक्य भूमि योगापट्टी

गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है। धूप की कड़ी तपिश लोगों को परेशान कर रही है। सूर्य की किरणों के निकलते ही शरीर कने का झुलसना शुरू हो जा रहा है। मंगलवार को भी मौसम काफी गर्म रहा। जिसके चलते जन-जीवन पर असर पड़ने लगा है। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। धूप की तपिश के बीच धीरे-धीरे बढ़ रही उमस भरी गर्मी लोगों के साथ वेजुबानों को भी परेशान कर रही है बताया जा रहा है कि गर्मी से बचने के लिए तमाम प्रकार के जुगते लगाए जा रहे हैं। लोग कूलर, एसी, पंखा का सहारा ले रहे हैं। इस बीच बिजली की आँख मीचौली भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीने से तर बतर हो रहे थे।

# सफारी मार्ग पर भालू की मस्ती का वीडियो इन्टरनेट पर वायरल

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

वीटीआर में जंगल सफारी मार्ग पर भालू की मस्ती करने का वीडियो इन्टरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताते चलें कि इन दिनों बिहार के इकलौते टाइगर रिजर्व वीटीआर का पर्यटन सत्र अंतिम दौर में चल रहा है। ऐसे में सैकड़ों पर्यटक वन्यजीवों का दीदार करने के लिए वाल्मीकिनगर पहुंच रहे हैं।जंगल सफारी करने वाले अधिकांश पर्यटकों को वन्यजीवों के दीदार हो रहे हैं। यही कारण है कि बीते कुछ सालों में वीटीआर की लोकप्रियता काफी अधिक बढ़ी है। कई बार पर्यटक वन्यजीवों की चहलकदमी का वीडियो अपने कैमरों में कैद कर इन्टरनेट मीडिया पर शेयर कर देते हैं। वीटीआर से लगातार सुंदर नजारे सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक सुंदर नजारा वीटीआर के जंगल सफारी के दौरान सामने आया है। जिसमें दो भालू मस्ती के अंदाज में दिखाई दे रहें हैं। एक भालू पेड़ पर उछलकूद कर रहा है तो दूसरा सफारी मार्ग पर।



वाल्मिकी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों से जुड़े कई ऐसे वीडियो सामने आते रहते हैं जो पर्यटको के दिल को छू लेते हैं। वीटीआर से हाल में आए इस वीडियो में भालू मस्ती करते दिख रहे हैं इस नटखट भालू का अंदाज ही निराला है। वीडियो में एक भालू तेजी से पेड़ से उतरता दिख रहा है और फिर दोनो भालू पास के झाड़ियो में घुस जाते है। बताते चलें कियह वीडियो सीवान के एक पर्यटक ने जंगल सफारी के दौरान बनाया है।सड़क पर भालू करने लगा मस्ती।

# दोन कैनाल नहर में स्नान करने के दौरान 50 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत


चाणक्यभूमि बगहा

रामनगर थाना क्षेत्र स्थित दोन कैनाल नहर के छगुंरही बंजरीया पुल के पास एक व्यक्ति गर्मी से बेचैन सोमवार की रात में पहुंचा और नहर में नहाने लगा। इसी क्रम में वह डूब गया। उक्त व्यक्ति की पहचान सोनखर गांव निवासी जगदीश राय (50) के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगो ने तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित किया। हालांकि, 15 घंटे बीत जाने के बाद भी SDRF की टीम मौके पर नहीं पहुंची है। इस स्थिति में, ग्रामीणों ने खुद ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है, जिससे उनकी जान को भी खतरा हो सकता है। वे एक दूसरे के हाथ पकड़ कर पानी में डूबे व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं। समय से स्थानीय प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बता दें की पिछले दस दिन के भीतर 10 लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई है। जिसमें 3 जून को बगहा में नहाने के क्रम में गोडिया पट्टी के रहने वाले दो चचेरे भाई-बहन गोडिया पट्टी निवासी अच्छे लाल सहनी के 10 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार व विजय सहनी के 16 वर्षीय पुत्री पायल कुमारी की गंडक नदी में डूबने से मौत हो गई। वहीं उसी दिन नगर के पुअर हाउस के समीप नदी में नहाने के दौरान पुअर हाउस निवासी राजेश गोंड की 10 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी और अवध बिहारी की 11 वर्षीय पुत्री तकली कुमारी की डूबने से मौत हो गई। प्रशासन के द्वारा सभी के शव को बरामद कर लिया गया। जबकि 8 जून को वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के कदमहिया कंपार्ट के निकट दोन नहर में नहाने के क्रम में एक 12 वर्षीय बालक भोला चौहान की दोन नहर में डूबने से मौत हो गई। जिसके शव को 9 जून को बरामद कर लिया गया।












# जिले के जिन 10 प्राइवेट रजिस्टर्ड अस्पतालों का हुआ निबंधन "एचआईएमएस पोर्टल" पर हुआ है वो पोर्टल पर संस्थागत प्रसव का डाटा साथ ही नियमित टीकाकरण एवं परिवार नियोजन की रिपोर्ट 2 तारीख तक अवश्य दे निजी नर्सिंग होम व क्लीनिक

चाणक्य भूमि



बेतिया"एचआईएमएस" पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए सभी प्राइवेट नर्सिंग होम की बैठक डब्लू एचओ के कार्यालय में आयोजित की गई। जिले के संस्थागत प्रसव परिवार नियोजन और नियमित टीकाकरण का डाटा प्रतिवेदन स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराने के लिए लेकर प्राइवेट इंटरफ़ेस मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीकांत दुबे ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम से कहा गया कि सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति दृढ़ संकल्प है, इसीलिए प्राइवेट संस्थानों से आग्रह किया गया कि वह संस्थागत प्रसव ,परिवार नियोजन एवं नियमित टीकाकरण का प्रतिवेदन हर माह के 2 तारीख तक प्रस्तुत करें अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी विनय कुमार ने"एचआईएमएस पोर्टल" के फॉर्मेट की विस्तृत जानकारी दिया गया।जिला टीकाकरण पदाधिकारी ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का नियमित टीकाकरण नहीं हो पा रहा है, उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग से विभिन्न इंडिकेटर में डाटा अपलोड करने के लिए "एचआईएमएस पोर्टल" लॉन्च किया गया है, उक्त मीटिंग में 10 प्राइवेट हॉस्पिटल शामिल हुये ।

जिला अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार सिँह बताया की स्वास्थ्य विभाग से निबंधित सभी नर्सिंग होम व क्लिनिक को आईडी पासवर्ड बना कर उपलब्ध करा दिया जायेगा ताकि प्रत्येक माह होने वाले प्रसव की संख्या एंव परिवार नियोजन की दिए जाने वाले सेवाओं को एचआईएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। पीएसआई डीसी ने बताया की रिपोर्टिंग करने मे सावधानी बरतनी होंगी। सही संख्या व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करनी है। प्रत्येक माह की 05 तारीख तक रिपोर्ट अपलोड कर देना है। ताकि उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर मातृ व शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाया जा सके।अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार ने विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया साथ हीं भारत सरकार के द्वारा बनाये गये पोर्टल एचएमआईएस पर डाटा को कैसे एंट्री करना है एक एक बिन्दु को सरलता पूर्वक समझाया गया एंव प्रत्येक इंडिकेटर के महत्व को बताया। बैठक में मौके पर पीएसइंडिया ,डब्लूएचओ , पिरामल स्वास्थ्य चाय संस्था के प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थि









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714